निर्जरा भी है। कर्मों के क्रमिक क्षय को निर्जरा कहते हैं। निर्जरा मोक्ष की जननी है और मोक्ष जीव की निजी सपत्ति है। सवर और निर्जरा ही मोक्ष का पगडण्डी मानी जाती है। इस पर चल कर विश्व के अगणित आत्माओ ने अपने अभीष्ट को पाया है। सवर से नवीन कर्मों का आदान रोका जाता है। और निर्जरा से पूर्व कृत कर्मों का तहस नहस किया जाता है जिस से आत्मा (जीव) कर्म व्युह से निकल जाता है। आनन्द विभोर हो कर कृतकृत्य हो जाता है। इस विषय को और स्पष्ट करने के लिये एक उदाहरण उपस्थित किया जाता है।

एक धनी व्यक्ति था। जीवन भर धपणता उस के जीवन में अग-मग रही। उसने अपना बहुत सा धन दबा रखा था। पर कहां ? एक विचित्र स्थान पर, सुनिये उस न अपने बाग म एक तालाब बनवाया। उसके ऐन मध्य में एक गड्ढ़े मे अपनी प्यारी पूजी रख उस ईटों से बन्द करवा कर उस पर पक्का पलस्तर करवा दिया गया। फिर उस तालाब म पानी छोड दिया गया। जल राशि म लहरात हुये उस जलाशय को देख कर किसी को भी उस म दबे हुए खजाने की प्राप्ता नहा हो सकती थी। इस प्रकार उसका धन जीवन से भी प्यारा धन जल की गोद म सुरक्षित पडा।

मरने के एक दिन पहले उसने अपने इकलौते पुत्र को बुलाया और कहा —मैं तुम्हें एक बात बतलाये देता हूं। अपना यह बगीचा है न जी हां लडका बोला उस के तालाब के पानी मे भूमि के ऐन मध्य मे एक धन की निधि है! इस निकाल लेना। बूढे ने मरते मरते कहा।

वह विचारा बूढ़ा चल [बसा। उस के विलासप्रिय लडके न विलास मे फस कर पास का सब कुछ खो दिया अब उस तालाब से धन निकालने की सोचने लगा आखिर इतने गहरे जल म से धन कैसे निकाला जाये उसने सोचा। अपना दिमाग खुजलाया और तुरन्त उसने उपाय ढूण्ढ निकाला।

उस ने उन सब स्थानों (नालियों, छिद्रों) को बन्द कर दिया जिन से पानी तालाब मे आता था! उस ने नगर में आदेश जारी

कर दिया कि जो भी जल लेना चाहे। इस तडाग म स निकाल सकता है। लोगों ने अपने अपने कमण्डल सम्भाले और उस जल पूर्ण जलाशय से पानी निकालना आरम्भ कर दिया। कुछ शेष बचा जल श्रमकरों से निकलवाया गया। कुछ भगवान भास्कर की प्रखर रश्मियों ने रहा सहा जल भाग शोष डाला। उस की समस्त जल राशि तालाब का रिक्त छोड कर चली गई। मध्य भूमि को साफ कर धन माल निकाला गया। उसकी सारी दरिद्रता जाती रही। एक बार वह फिर धनवान बन गया।

ठीक इसी प्रकार आश्रव (कर्म आना) का संवर से बन्द किया जाता है। नूतन कर्मों का जल आत्मा म नही आता। अनन्तर पूर्व कर्मों का कुछ भाग तप और कुछ तपश्चर्या स शोषण किया जाता है। जिसे निर्जरा करना कहा जाता है। उस म से आनन्द की अक्षय निधि मिलती है। जीव की सासारिकता (दरिद्रता) जाती रहती है और वह अपने स्वरूप धन का पारर मालामाल हो जाता है। यही निर्जरा का स्वरूप और फल है।

ऊपर जीव, अजीव, पुण्य पाप, आश्रव संवर बन्ध निर्जरा मोक्ष, लोक, अलोक और धर्माधर्म आदि तत्वों के अस्तित्व को युक्तियुक्त प्रमाणित किया गया है। ये अखिल पदार्थ ससार में विद्यमान हैं और जो इन्हें स्वीकार करता है हृदय से वह ही आस्तिक-सम्यगवादी-क्रियावादी कहा जाता है।

अब प्रश्न उठ सकता है कि यह सारा ज्ञान और उसकी

चमत्कृत रश्मिया अ खिर कहा से निकला ? वह कौन दिवाकर था ! यह समूचा नान—भण्डार कित के लिये खोला गया किस किस न इनका समादर किया और किस किस न निरादर ! जिस न जावन मे उतारा और किसने इन तत्वा का केवल वाणी का ही आभूषण बना कर ही रख लिया ! जगत के इन सब महा पुरुषा का भ। अस्तित्व और उसकी झानी सा झलक दिखलाइ जाता है क्योकि क्रियावाद म इन के अस्तित्व का भी उतना हो ऊ चा स्थान है जितना कि वर्णित तत्वा का जिस प्रकार तत्वा की सत्ता है उसी प्रकार।

अरिहता वि सति

अह तो अपि सन्ति

अरिहन्त भी हैं

राग-द्वेष आदि गत्रुओ के विजेता का अरिहत कहते हैं और वे त्रिलोक पूज्य है ! आप अन्न्त नान क धनी होते है ! अनन्त दशन आपक जावन—प्राङ्गण म कीडा करता रहता है नित्य हा। क्षायिक सम्यक्त्व अरिह त के जीवन की अक्षय-निधि होती है। अपरिमित शक्ति आप के जीवन म अ ग सग रहती है ! इस गुण - राशि का आविर्भाव घातिक कर्मो के क्षय से ही होता है !

अरिहत ज्ञानवरणीय कम (Obstructive of Right Knowledge) दशनावरणीय कम (Obstructive of right faith) मोहनीय कम (Delusive) और अन्तराय कम Preventive of the Blissfulpath) इन कर्मा से मुक्त

होते है। इस वमचतुष्टय'के विनाश से अनन्त चतुष्ठय का जन्म होता है। ये संसार के उच्च काटि के एक आध्यात्मिक महा-पुरुष होते हैं जो ज्ञानामृत के मधुविन्दुओं से सतप्त मना को शान्ति का वितरण करते है। स्मरण रहे सभी तीर्थंकर अरि—हन्त होते हैं किंतु सभी अरिहन्त तीर्थंकर नही हाते क्यो ? इस लिए कि अरिहन्तत्व क्षायिक भाव है और तीर्थकरत्व हैं औदायिक भाव। नाम कर्म की एक प्रकृति जिसको तीर्थंकर नाम कर्म कहते हैं आत्मा का निजत्व वास्तव मे अरिहन्त तत्व मे निहित है अत यह सदा काल भावी है। यह नाभाग्य है जो धम का।

चक्कवट्टी वि अरिय
चक्रवर्ती अपि अरित
चक्रवर्ती भी है

कौन होता है चक्रवर्ती ? छ खण्ड का अधिपति। इस अवसर्पिणी काल मे 'भरत' महाराज से लेकर ब्रह्मदत्त चक्रवर्ती तक बारह भाग पुरुष इस सपूर्ण छ खण्डो पर अपना एक छत्र राज्य भोग चुके हैं। इन के ऐश्वय का क्या कहना। ३२००० देश और इतने हो राजा लोग आपकी दासता को अङ्गाकार करते हुये नत मस्तक रहते है। अपार सेना शक्ति। विशाल भवन। चौसठ हजार(६४०००)रमणिया जो रूप की राशि होती है। दास, दासी और पशु आदि का वभव आप के पूर्व-पुण्यो की ओर सकेत करता है। और तो क्या सुरलोक के देवता भी आप की रक्षा के लिये तत्पर रहते हैं। ये है पुण्यो के ठाठ। जो चक्रवर्त्ती शान्ति कुथु और अरनाथ की भांति भाग लिप्सा मे निकल जाते है व मोक्ष श्री का वरण करते है और

भोग पङ्क से पङ्किन हो कर जाने वाले नरक लोक के अतिथि बन कर जाते हैं। इस चक्रवर्ती के अस्तित्व को भी माना गया है। याद रहे ये शासक चौदह रत्न और नवनिधि के स्वामी होते हैं ससार म इन के समान दूसरा वभवशाली कौन हो सकता है ? कोई नहीं।

बलदेवा वासुदेवा त्थि मति
बलदेवा वासुदेवा अपि स्त
बलदेव वासुदेव भी है।

इन दोनों को मानना भी सम्यग्वाद है। वासुदेव तीन खण्ड के अधिकारी होते हैं। अपने पूर्व जन्म म तप और सयम की प्रतिमा होते हैं किन्तु निदान करके वासुदेव पद को प्राप्त करते हैं। वासुदेव भी अनुपम ऋद्धि सिद्धि और समृद्ध के धनी होते हैं। बलदेव और वासुदेव म भ्रातृत्व रहता है। दोनों सगे भाई होते हैं। वासुदेव के शरीर का वर्ण सुन्दर आकर्षक और मनोहर नीलम की तरह नीला होता है और पीला वस्त्र इन के तन पर शोभास्पद होता है। बलदेव का शरीर स्वर्ण सरीखा होता है और वस्त्र नीले रंग का उनकी शरीर-सपदा को और चार चांद लगाता है। दोनों का अतीव अनुराग दोनों को एक दूसरे से अलग नहीं होने देता। क्षणिक वियोग विरह भी दोनों के मन म मार्मिक वेदना उत्पन्न कर देता है। दोनों के पितृदेव तो एक होते हैं किन्तु आप की माता एक नहीं होती। जसे कि नर पुङ्गव कृष्ण देवकी के अङ्गज थे और बलदेव रोहिणी के आत्मज परन्तु वसुदेव दोनों के प्यारे पिता थे इन दोनों की विद्यमानता और सत्ता को मान देना भी आस्ति-

सत्ता का एक प्रधान चिन्ह है।

आगे इसने नरक और स्वर्ग की सत्ता पर कुछ प्रकाश की किरणें डाली जायगी। कारण कि नास्तिक इन दोनों के अस्तित्व पर विश्वास नहीं रखते। उनका कहना है कि नरक और स्वर्ग एक कोरी कल्पना है। ये कुछ भी नहीं और कहीं नहीं। दुनिया को निला म भय भग्न के लिये ही और प्रलोभन देने के वास्ते हा नरक और स्वर्ग शब्द घट गये है। नरक और स्वर्ग केवल एक सपना है और अवास्तविक है। वास्तव म नरक और स्वर्ग सब यहीं हैं। जो लोग दुखी है वे सब मानो नरक म है और जो सुख निद्रा म मग्न है वे हो स्वर्ग म है। नास्तिको का यह मत जैन धर्म को स्वीकार नहीं। वह इन दोनों का अलग और स्वतंत्र अस्तित्व मानता है।

णरगा वि सति

नरका अपि सति

नरक भी है।

यह वचन नास्तिको के लिये एक चुनौती है। सच पूछो नरक को न मानने वाले ही नरक मे जाते हैं क्योंकि प्राय पुण्य और पाप पर विश्वास न रखने वाले पाप म अत्यन्त रम रहते हैं और अपनी आत्मा का अधःपतन कर लेते है? ऐसे पापिष्टो का आश्रम फिर नरक म ही बनता है। नरक कहा है? क्या उसका कोई अलग स्थान है? जी हा नरक अधो लोक म है? यहा एक वचन की बजाय बहुवचन का प्रयोग किया गया है। तात्पर्य कि नरक एक ही नहीं ? नरक

हैं मान। एक दूसरे के ऊपर अपने अपने घनाकाश तनुवायु, घन वायु और घनो वि पर आधारित हैं ? सात राजु लोक म उन का विस्तार है। तियञ्च पञ्चेंद्रिय और मनुष्य प चेन्द्रिय ही पापादय स नरक म ज म धारण कर सकते हैं।

उन का ज म भी उत्पात्त होता है। ज म तीन प्रकार का है। जस कि --

सम्मूच्छन गर्भोपपादाज्जन्म

तत्वार्थ सूत्र अध्याय दूसरा

(१) गर्भ

(२) सम्मूच्छन

(३) उपपाद

और देखिये।

देव नारकाणामुपपाद

सू० ३४

देव और नारको का उपपाद ज म होता है।

ज म लेने के लिये एक स्थान बना लेता है ॥

जिस को कुम्भीपाक' कहते हैं ? चार पाप घोर हैं और उनमे अत्यन्त आसक्त रहने वाला प्राय नरक का महमान बन सकता है।

(१) महार भ (२) महापरिग्रह
(३) कुणिमाहार (४) पञ्चेद्रिय वध

जो जीव एक बार किसी भी नरक में चला जाता पाप कर्मों से खिचा हुआ वह जघन्य (कम से कम) minimum दस हजार वर्ष तक वहां का घोर भीषण और दारुण यातनाएं भोगता रहता है।

देव लोग्रा वि सति
दव लोका ग्रपि सति
देव लोक भी है।

नास्तिक स्वर्ग (Heaven) की बात को भी हसी में उडा देते है। वे इसे 'सुदर कल्पना या रंगीली कल्पना' कह कर छोड देते है। जैन धर्म स्वर्ग की बात को पूरी तरह सोलह आने सत्य मानता है? देवों का निवास तीनों भुवनों में है। क्योंकि ये चार जाति के माने गये है। जैसे कि –

(१) भवनपति (२) वाण व्यन्तर
(३) ज्योतिषि (४) वैमानिक

अधो लोक में भवन पति मध्य लोक में है वाण व्यन्तर और ज्योतिषि, ऊर्ध्व लोक में वैमानिक देवों का साम्राज्य है। विशेष पुण्यों के उदय से जीव स्वर्ग लोक को जाता है। इस की पुष्टि में एक उपनिषद का उद्धरण दिया जाता है। जैसे कि पुण्येन पुण्यलोकं नयति पापेन पापम् उभाभ्यामेव मनुष्यलोकम्। (प्रश्नोपनिषद ३ ७)
अर्थात जीव पुण्य से पुण्यलोक और पाप से पापलोक को और दोनों के बल से मनुष्य लोक को जाता है। जैन धर्म के

अनुसार चार ही कर्म जीव को देवत्व प्रदान करते हैं जैसे कि

(१) सराग संयम (साधु धर्म) (२) (२) श्रावक धर्म
(३) अकाम निर्जरा (४) अज्ञान तप

देवता का एश्वर्य भी अनुपम होता है। कम से कम यहां दस हजार वर्ष तक अपने पुण्यों के मीठे फल खाता ही है। यह पुण्यसार (देवसार) के अस्तित्व का नाममात्र परिचय है।

> निरिक्ख जोणिया कि सति
> तिर्यग योनिजा अपि सन्ति
> तिर्यञ्च योनि के जीव भी हैं

तिर्यञ्च प्राणी एकेन्द्रिय से लेकर पञ्चेन्द्रिय तक ही होते हैं। जैसे कि

एकेन्द्रिय One Sensed Animates

(१) पृथिवी (२) पानी (३) अग्नि (४) वायु (५) वनस्पति

(1) Earth (2) Water (3) Fire (4) Air (5) Vegetable

द्वीन्द्रिय	Two Sensed	जैसे कि नाग
त्रीन्द्रिय	Three Sensed	जैसे कि चिऊंटी
चतुरिन्द्रिय	Four Sensed	जैसे कि मक्खिका
पंचेन्द्रिय	Five Sensed	जैसे कि गाय

स्मरण रहे कि एकेन्द्रिय पांच तरह के प्राणी पाये जाते

है। जैसे कि

जलचर	(मछली)
स्थलचर	(घोड़ा) (सिंह)
नभचर	(तोता मैना)
उरपुर	(साप)
भुजपुर	(गिलहरी)

इस प्रकार इन जीवों की पृथक २ सत्ता है और अपने कर्मों से रच हुए दुख सुख भोग रहे है ? इन सब को अपना जीवन प्रिय है ? इन को मारना पाप है कई लोग इनमे आत्मा नही मानते। कहते हैं कि इन सब जीवो मे तो केवल प्राण है और वे जड है। इन को मारने मे कोई दोष नहीं ? अजी ? जरा सोचो कि प्राण आत्मा के बिना कैसे ठहर सकते है। इन मे भी हमारी तुम्हारी तरह आत्मा है। इस योनि के आरम्भ मे अनादिता और अन्त मे अनन्तता निहित है। कई सुधी मानते हैं कि पहले धरती अत्यन्त उष्ण थी यहा कोई जीव जन्तु न था। धीरे धीरे वह ठण्डी होती चली गई और जीव उत्पन्न होने लगे ! देखिये ! कैसा अटपटावाद है यह। भला असत् की उत्पत्ति और सत का विनाश कैसे हो सकता है। जैसे कि

नासतो विद्यते भावो नाभावो विद्यते सतः

(गीता)

अत इन सब जीवों का अस्तित्व सदा कालभावी है और इस सिद्धान्त को मान लेना भी आस्तिकता का चिन्ह है।

मायापियाविसति
पितगी स्त
माता पिता भी है

प्रश्न हो सकता है कि माता पिता का मानने की और इन का अस्तित्व सिद्ध करने की क्या आवश्यकता है भला? वस्तुत यह उक्ति भी एक भ्रान्ति का उद्धरण करने के लिये है है। कइयों का ख्याल है कि बिना माता और पिता के भी जीवों का जन्म हो जाता है जैसे ईसाई लोग ईसा का जन्म एक कन्या के कुख से मानते हैं और उसे एक पवित्र आत्मा कह कर पूजते नहीं समाते।

ईसा के पिता को नहीं माना जाता। कुछ पुराण सनातनी सीता का जन्म एक घट मे मानते हैं और कुछ लव कुश की उत्पत्ति भी बिना मा बाप के ही मानते हैं जो नितान्त असत्य और मिथ्यात्वपूर्ण है। माता पिता की सत्ता मानने मे सत्य का अनादिता का बल मिलता है और एकत्व वाद का निरसन हो जाता है।

रिसआ विसति
नृपया ऽपि सति
ऋषिजन भी हैं

ऋषि लोग भी लोक मे अपना प्रभाव रखते हैं इन के जीवन जन-साधारण के जीवनस्तर से ऊचा होता है और जगत पूज्य होते हैं एकाग्र चित्त से रहते हैं। निर्जन वनो मे

शान्त मन से और अनासक्त हृदय से विचरते हैं जन समूह में दुनिया को अपने ज्ञान और अनुभवों का दान देकर उपकार का पुण्य संचित करते हैं। अपनी इन्द्रियों को वश में रखकर मोक्ष मार्ग पर चलते रहते हैं। द्वन्द्वों में से स्थिर मन से गुजर जाते हैं। मान, अपमान निन्दा प्रशंसा दुःख सुख, राग-शोक सरदी गरमी भला बुरा सबको अनात्म भाव समझ कर उपेक्षा करते हैं। सदा अपने चिन्मय स्वरूप में रमण करते हैं अनेक नास्तिक इन्हें विश्व-भूषण ऋषियों के अस्तित्व को झुठलाते हैं और कहते कि ऋषि तो कोई बन ही नही सकता कोई भी अपने विकारों पर विजय पा ही नहीं सकता। जो ऋषि बन जाते हैं वे सब ढोंगी और पाखण्डी होते हैं। इस प्रकार तीनों काल में ही ऋषि मान्यता का तिरस्कार किया जाता है। कई कहते हैं कि पहले तो ऋषि होते थे किन्तु आज तो कम से भी कम नहीं हैं। आज कलिकाल में जो ऋषि मिलते हैं वे सब वेषधारी और छद्मवेषी हैं वे साधु नहीं स्वादु हैं। इस प्रकार वर्तमान समय में ऋषियों का अपलाप किया जाता है जैन धर्म इस प्रकार की मान्यता से सहमत नहीं जैन धर्म तो कहता है कि ऋषि थे हैं और आगे भी होंगे। हां उनके जीवन साधना में देश काल के अनुसार तारतम्य भाव अवश्य होगा। सर्वथा अस्तित्व उनका नहीं मिट सकता।

> सिद्धा विसंति
>
> सिद्धा अपि संति
>
> सिद्ध भी हैं

जैनधर्म सिद्ध के अस्तित्व को भी स्वीकृति देता ?

सिद्ध का साधरण सा अर्थ है अपने आप म पूर्ण। जो निजात्म स्वरूप के उच्च शिखर पर आसीन है। जिसकी सब कामनाए निशेष होकर पूर्ण हो गई है। उस सिद्ध कहते है। हमारे सामने सिद्ध नाना रूपो मे आते है। जैसे कर्म सिद्ध शिल्प सिद्ध विद्या सिद्ध, मन्त्र सिद्ध योग सिद्ध अर्थ सिद्ध इत्यादि अनेक प्रकार के सिद्धो से दुनिया भरी पडी है। किन्तु यहा इन सिद्धो की चर्चा नहीं की जा रही। यहा तो कर्म क्षय सिद्ध ही अभीष्ट है। वे ही हमारी लेखनी का लक्ष्य है जिस ने कर्ममल को धो डाला है अपने धर्म और शुक्ल ध्यान के साबुन और चारित्र के निर्मल नीर से। जिस ने कर्म धन को जला कर भस्म बना दिया हो अपनी तप अनल म। जो नाना प्रकार क कर्मों से रहित हो गये हो जस

(१) क्रियमाण—वर्तमानकाल (आश्रव)
(२) सचित — पूर्वकृत
(३) प्रारब्ध—उदय प्राप्त

व निष्कर्म, मुक्त और अशरीरी जीव जैन धर्म म सिद्ध माने जाते हैं और उन्हे ही परमात्मा कहा जाता है।

जरा ध्यान दीजिए, कि आप को पता चलेगा कि यहा सिद्ध पद बहुवचनान्त है। आशय इस का यह है कि सिद्ध (परमात्मा) एक ही नही होता! वे होते हैं अनेक। नही नहीं अनन्त जिसका कोई अन्त नही जैन धर्म की यह मान्यता अटल एव ध्रुव है कि प्रत्येक जीव ईश्वरत्व का स्वामी है! अनन्त आनन्द का सागर उसमे लहराता है! वह अपने आप म

पूरा है अधूरा नही । अधूरा बनगया है अपनी भूल से मिथ्यात्व अज्ञान से । अज्ञान का नाश सम्यक्ज्ञान से किया जा सकता है सम्यक् दर्शन और सम्यक् चरित्र की पगडण्डिया पर चलता चलता एक दिन यह आत्मा भी आनंद धाम का पहुच जाता है और परमात्मा ही बन जाता है। इस म और उस म कोई अ तर नही रहता , जन इस यह भी मानता है कि जीवन म अरिहंत तत्त्व पाये बिना सिद्धत्व भी सिद्ध नही होता। वास्तव म जीवन मुक्ति ही विदेह मुक्ति है।

जन धर्म का यह दृढ विश्वास है कि अप्पा सो परमप्पा ।

(१) आत्मा ही परमात्मा बनता है
इन्सान बनता है भगवान
अल्पज्ञ बनता है सर्वज्ञ
सकर्मा बनता है निष्कर्मा
अल्पदर्शी बनता है सर्वदर्शी

उस मुक्त आत्मा के अजर अमर अलक्ष्य निर्विकार आदि प्रायः मनोहर और गुण निष्पन्न नाम शास्त्रों के पन्नो पर अंकित है ? जन धर्म उस सिद्ध का मनोहारी नाम श्रवण करता है।

जन धर्म ऐसे ईश्वर को मानता नहीं जो सदा से एक है ! परोक्ष है ? विश्व का नियन्ता है असज्जनों का निहन्ता भी वही है ! सन्तो का प्रतिपालक है। दुनिया का निर्माता और विधाता है। शासको का भी शासक है रक्षको का भी

रहार है दुनिया की वागडोर जिन के हाथ म है जो चाहे सो करता है किसी को नरक म धकेलता है किसी को स्वग म पठाता है कभी उस के मन म कौतुहल जागता है? अपना परम धाम का आनन्द सिहासन छोड कर नाग उतरता है और ससार की लीला रचाने के लिय वेधन धारण हो जाता है। जैन धम ऐन सहामा औडारत और गीता वाले ईश्वर को अपना आराध्य उपास्यदेव नही मानता जैन धम चेतनता का उपासक है पूजक एव प्रचारक है वह तो निरुपाधिक परब्रह्म परमात्मा मानता है। भक्ति और उपासना भी वह ईश्वर को मिलने के लिए नही करता अपितु ईश्वर को प्राप्त करने के लिय करता है। यदि एक पग आर आगे बढाया जाय तो कहा जा सकता है कि जिनत्व प्राप्ति क पश्चात ही साधक की साधना परि समाप्त होनी है। यह जैन धम का ईश्वर विषयक मान्यता है।

सिद्धा वि अत्थि

सिद्धिरपि अस्ति

सिद्धि भी है

निर्वाण के बाद आत्मा की जो अवस्था होती है उस सिद्धि स्थान या सिद्धालय कहते हैं इसके अनुरूप अनेक विशेषण शास्त्रों की पंक्तियों म सजाये गये हैं। जैसे शिव अचल अरुज अनन्त अक्षय और अव्याबाध आदि। पुनरावृत्ति से वह स्थान शून्य है। क्योंकि भव भ्रमण का कारण कम वहा नही दग्ध बीज से अंकुर नही फूटता। यह एक निर्विवाद सत्य है। इस पर एक गाथा देखिये।

जहा दड्ढाण बीयाण
न जायंति पुण अंकुरा।

पम्म वोयसु दडढस
न जायति भवाकरा

इस प्रकार मुक्त जीव ससार म फिर लौट कर नहा आता। यदि वह फिर ससार कारागार का वन्दी बन जाये। तो वह मुक्त हो क्या हुआ जन धम क्षणिक मोक्ष नही मानता। उसका शब्द म मुक्त जीव स. के लिये दुख-व्यूह से निकल जाता है।

अत्थि परिणिव्वाणे
अस्ति परिनिर्वाण
परिनिर्वाण है

अनादि काल का मोह ग्रस्त जीव जब मिथ्यात्व से निकल कर सम्यक्त्व के प्रकाश म आता है तो उसे विकास की पगडण्डी मिलती है बढता २ वह महाज्ञानी (केवल ज्ञानी) बन जाता है, यही उसका आत्म कल्याण है। शरीर परित्याग के पश्चात् उसका परिनिर्वाण होता है। वहा उसका अस्तित्व मिट नही जाता। अपितु वहा वह अनन्त अनन्त काल तक ज्ञान दर्शन म समाधि लेता है। सभी तो कहा है।

परिणिव्वुआ वि सति
परिनिवृत्ता अपि सति
परिनिवृत्त भी हैं

जो निर्वाण को प्राप्त कर चुका है वह शास्त्र की भाषा मे परिनिवृत्त कहा जाता है कई दार्शनिक आत्मा के विशिष्ट गुणो का अभाव हो जाना ही मोक्ष मानते हैं।
जैसे कि—

दीपो यथा निवृत्ति मभ्युपेतो नवावनिं गच्छति नान्तरिक्षम्
दिश न काचित् विदिश न काचित स्नेहक्षयात् केवलमेति शान्तिम्
जीव स्तथा निर्वृत्ति मभ्युपेतो नवावनि गच्छति नान्तरिक्षम्
दिश न कांचित् विदिश न काचित स्नेह क्षयात् केवलमेति शान्तिम्

सारांश यह है कि जिस प्रकार प्रदीप स्नेह विरल हो कर बुझ जाता है। आत्मा भी इसी तरह गुण शून्य होकर शांत हो जाती है। यही उसका निर्वाण है। उसका कुछ भी शेष नहीं बचता।

बौद्ध दर्शन आत्मा को क्षणिक मानता है। उसके मत मे आत्मा एक बदलने वाला पदार्थ है। उस मे नित्यत्व है ही नही भला जब वह उस की नित्यता का स्वीकृति के पुष्प नहीं चढ़ाता तो वह मोक्ष या परिनिर्वाण के पश्चात उसके अस्तित्व की कैसे प्रामाणिकता दे सकता है। उस के सिद्धान्त मे परिनिवृत्तो का अस्तित्व नही है।

अतिरिक्त इसके बौद्ध मत आत्मा को कोई स्वतन्त्र पदार्थ नही मानता। उस का विचार है कि आत्मा पाँच-स्कन्धो का एक समुदाय है। जैसे कि—

१—रूप
२—विज्ञान
३—वेदना
४—सज्ञा
५—संस्कार

ये वास्तव म भव भ्रमण क बीज है जब तक इन को नष्ट किया नहा जाता तब तक दु ख का नाश नहीं हो सकता। इन क अभाव का हा नाम मोक्ष है। तो क्या कि मोक्ष या निर्वाण म आत्मा का सदभाव नहीं होता।

नयायिक और वैशेषिक दर्शन मुक्त आत्मा को तो मानते हैं किन्तु साथ ही वे उसके विशेष गुणों की अनुपस्थिति भी मानते हैं और यह सिद्धात तर्क—सम्मत नहीं हो सकता क्योंकि गुणी अपने गुणों स कोई अलग तो होता ही नहीं। उन का तो अविनाभाव सम्बध है। एक क नष्ट होने स दूसरा नहीं रह सकता कि तु यहा गुणी (आत्मा) को माना जा रहा है गुणों का निषध किया जा रहा है यह धामाना को स्वीकार नहीं।

जैन धर्म मोक्ष अवस्था में आत्मा और उसके ज्ञान दर्शन आन द और वीर्य आदि गुणों कोपूर्ण रूपण मानता है। जिसका जन धर्म म परिनिव त्ता क अस्तित्व का स्वीकृति की परिधि म रखा गया है। जस कि

अरविणा जीवघणा नाण दसण सन्निया।

अउल सुह सम्पत्ता उवमा जस्स नत्थि ३॥

उ० सू० अ० ३६ वा गा० ६७ वी

अर्थात व सिद्ध (परमात्मा) घनरूप ज्ञान दर्शन स युक्त अतुल सख-राशि के आगार है। ससार म ऐसा निमय सुखमय और मगलमय सिद्ध देव के लिये कोई उपमान नहा है वे निरुपम ही है।

ससार के परले पार व पहुच गये हैं। लोक के अग्रभाग में वे शान्त भाव से अपने स्वरूप में स्थित हैं।

जसे कि

लोगग्गदेस त सव्वे
नाण दसण सनिया।
ससार पार निच्छिण्णा,
सिद्धि वरगइ गया ॥ ६८॥

अन जन धर्म मुक्त आत्मा के निज गुणो के पूर्णतया विकसित होने को ही सिद्धान्त कहता है। यही कारण है कि वह उच्च धन करता है। कि परिनिवृत्ता का अस्तित्व है। एसा मानना आस्तिकवाद या सम्यग्वाद है जिसको दूसरे शब्दो में क्रिया वाद भी कहा जाता है।

उपयुक्त सब तत्वो और पदार्थों का जानना मानना और विश्वास करना सच्चा क्रियावाद है।

आगे इस के हम कुछ और शास्त्र-वचनावलिया उपस्थित करेंगे जो हमारे प्रस्तुतवाद के लिये सान पर सुगन्ध का काम करेगी।

मूल प्रवचन

अत्थि पाणाइवाए मुसावा ए अदिण्णादाणे मेहुणे, परिग्गहे,

अत्थि कोहे माणे, माया लोभे जाव मिच्छादसणसल्ले।

अत्थि पाणाइवाएवेरमण मसावाएवेरमणे
अदिण्णादाण वेरमण मेहुण वेरमणे, परिग्गह वेरमणे
कोह विवेग जाव मिच्छा दसणसल्लविवेगे ।

ऊपर भगवान वीर के अमृत भरे उपदेश मे अठारह पापो की गिनती की गई है। उनका अस्तित्व सिद्ध किया गया है। जब दुनिया मे दुख है तो उसका कोई न कोई ज्ञात अथवा अज्ञात कारण अवश्य रहना चाहिये और वह पाप है। वास्तव मे तो 'अज्ञान' ही दुख का बीज है! किन्तु व्यवहार म पाप का ही दुख का हेतु माना जाता है। जस कोई व्यक्ति अ धकार मे पडे पत्थर से ठोकर खा कर गिर पडता है। यदि उस स पूछा जाए कि कसे गिरे साहिब! तो कहा जाता है कि मित्र क्या बताऊ पत्थर से ठोकर लगी और गिर पडा। हालाकि उस के गिरने म अधेर का ही हाथ है। और फिर पाप भी तो अज्ञान से होता है और दुख तो अशुभ कम का ही परिणाम है और वह कम पाप है। पीछे 'अत्थि पावे' कहकर उस पर कुछ प्रकाश डाला गया था किन्तु अब पाप कितने है? इस प्रश्न का समाधान कर दिया गया है कि वह अठारह हैं। अतिरिक्त इस के आगे यह बात स्पष्ट कर दी गई है कि इन पापो म निवत्त होना भी अनादि कालीन है। जस कि एक कवि ने क्या सुदर कहा है

एक चलता है पाप-पथ पर
नित्य नूतन डग भर भर
एक चलता पुण्य पथ पर

लव मे अमिट विश्वास लेकर
एक दोनों से निराला
धम का जिस म उजाला
आवागमन से निकल कर
मिलती उमे आनन्द ! शाला !!

अत पाप पुण्य और धम का अस्तित्व समार मे युक्ति सिद्ध है ! भगवान महावीर की यह देशना अढाई हजार वर्ष पुरानी है। उववाइ (औपपातिक) सूत्र जिसका साक्षी है !

भगवान महावीर की दिव्य वाणी का प्रकाश और भी लीजिए

सव्व अत्थि भाव अत्थित्ति वयइ ?
सव्व नत्थि भाव नत्थि त्ति वयइ !!

समार मे जिन पदार्थो का अस्तित्व है उन के अस्तित्व को स्वीकार करना और जो नास्तित्व के द्यातक हैं उन को नहीं है की कोटि म रखना । यही क्रियावाद है ? जो इस से विपरीत धारणा रखता है वह अक्रियावादी है, नास्तिक है।

स्मरण रहे कि जितने अनन्तानन्त पदाथ अस्तित्व धम से युक्त है उतने ही अनन्तानन्त पदाथ नास्तित्व से भी युक्त हैं। जैसे कि जितने गुण जीव मे है वे सब जीव मे तो हैं किन्तु अजीव में उन का अभावत्व है। अतिरिक्त इसके अजीव मे जितने अनन्तानन्त गुणों का सद्भाव है इस प्रकार जो हर वस्तु-तत्व पर सापेक्ष दृष्टि से विचार करता है और विभिन्न नयों निक्षपो और प्रमाणो से सत्य तक पहुचता है और पदार्थ के यथाथ स्वरूप का प्रतिपादन करता है वह सम्यग्वादी है।

भगवान महावीर ने कर्म और उसके फल की सत्ता को मानते हुए कहा।

सुचिण्णा कम्मा सुचिण्णा फला भवंति।
दुचिण्णा कम्मा दुचिण्णा फला भवंति॥

सुंदर कर्मों का फल भी सुंदर और असुंदर कर्मों का फल भी असुंदर होता है।

अनात्मवादी, कर्म और उस के फल को नहीं मान सकते। जब आत्मा ही नहीं तो कर्म कैसा और फल कैसा? तभी तो जैन धर्म ने आत्मवाद को प्रथम स्थान दिया है जैसे कि —

से आया वादी लोआ वादी
कम्मावादी किरियावादी (सू—५)
आ०सू०उ०१

जो आत्मा के यथार्थ स्वरूप को जानने वाला है वही आत्मवादी है जो आत्मवादी है वही लोकवादी है कर्मवादी है वही क्रियावादी है अर्थात् कर्मबंध के कारण भूत क्रिया को जानने वाला है अथवा वही आस्तिक है।

कई महानुभाव कर्म और उस के फल को कपोल-कल्पना मानते हैं। किन्तु ऐसे निपट नास्तिक भी अपने दुष्कर्मों से ग्रसे हुये हैं। जो व हैं कर्म धर्म कुछ समझ में नहीं आ रहा। यह उन के मिथ्यात्व के उदय का प्रभाव है जो वे अपने मोह और प्रमाद से महापुरुषों के सम्यक् ज्ञान से वञ्चित हैं। नास्तिकों का इससे बढ़कर और दुर्भाग्य क्या होगा।

और भी कहा है

फुसइ पुण्ण पावे पच्चायति जीवा।
सफने कल्लाण पावए॥

जीव पुण्य और पाप का स्पर्श करता हुआ उन के भले बुरे फल अवश्य प्राप्त करता है। अशुभ कर्म का फल शुभ नहीं हो सकता और शुभ कर्म का फल अशुभ नहीं हो सकता यह एक अटल सिद्धान्त है जिस में अणुभर का हेर फेर नहीं हो सकता है।

इसके आगे हम मिथ्याज्ञानी (नास्तिक) सम्यग्ज्ञानी (आस्तिक)के लक्षणों पर प्रकाश डालेंगे।

देखिये —

णत्थि ण णिच्चो ण कुणइ
कय ण वेयइ णत्थि णिव्वाण।
णत्थि य मोक्खोवाओ
छ मिच्छत्तस्स ठाणाइ॥

इस उपर की गाथा में यह भाव झलकता है कि मिथ्याज्ञानी नास्तिकता के विचारों से अलकृत होता है। जैसे कि वह कहता है

१—आत्मा नहीं है
२—वह नित्य नहीं है
३—आत्मा कर्त्ता नहीं है
४—कृत-कर्म भोक्ता भी नहीं है
५—आत्मा का मोक्ष नहीं है
६—मोक्ष का उपाय भी नहीं है

उपयु क्त छ लक्षण जिस किसी मे भी मिलते हो वह अक्रियावादी नास्तिक है। स्मरण रहे इन म से यदि एक भी लक्षण पाया जायगा तो वह भी नास्तिक के पाप से अछूता नही रह सकता जसे कि —

चार्वाक दशन अनात्मवाद
बौद्ध दशन क्षणिकवाद
सांख्य दशन कत त्ववाद
पूव मीमासा अनिर्वाण और अनुपाय
वेदात दशन (उत्तर मीमासा)
अभोक्तृत्ववाद का समथक है

इस प्रकार य सभी दशन सम्यग्ज्ञान के स्वामी हैं। यह कहो म कुछ सकोच होता है क्योकि सम्यग्वाद छ बातो पर आधारित है

अत्थि अविणासधम्मा करेइ,
वयइ अत्थि निव्वाण।
अत्थि य मोक्खो वाओ
छस्सम्मत्तस्स गणाइ ॥

१ आत्मा है
२ वह अविनाशी है
३ वह कम का कर्त्ता है
४ फल का भोक्ता है
५ मोक्ष है
६ उस का उपाय भी है

यह सम्यग्ज्ञान की कसौटी है। इस पर कस कर परखा जा सकता है कि किस में कितना आस्तिक्य है और कितना नास्तिक्य है।

इन वर्णित गुणों का धारक सच्चा क्रियावादी कहा जा सकता है। यही मनुष्य के आस्तिकता का माप दण्ड है।

इस लिये हम अधिक न लिखते हुए इतना ही पर्याप्त समझते हैं कि जो व्यक्ति ऊपर के विचारों से सहमत है वह जैन धर्म में आस्तिक कहा जाता है और उस का दूसरा नाम क्रियावादी है। भगवती सूत्र में निम्नलिखित सभी आत्माएं क्रियावादी कही गई हैं जैसे कि —

सम्यग्दृष्टि
अवेदी
अकषायी
अयोगी
मतिज्ञानी
श्रुतज्ञानी
अवधिज्ञानी
मन पर्यवज्ञानी
केवलज्ञानी
अलेश्या

सम्यगवाद

ये सभी क्रियावादी हैं। आस्तिक हैं यह भगवान महावीर के उपदेश की पावन धारा जिस के कुछ मधु-बिन्दु आपके आस्वादन के लिये उपस्थित किये गये हैं। यह है उस क्षमावीर महावीर की हजारों वर्षों की हितकारिणी देशना जिस में क्रियावाद का प्रथम-परिभाषा थिरक रही है।

आगे हम क्रियवाद के दूसरे अभिप्राय पर प्रकाश डालेंगे।

क्रिया बनाम परिस्पन्दन

हम अपने पिछले प्रकरण मे क्रिया के सम्यग्वाद अर्थ पर कुछ अपने विचार प्रस्तुत कर आये हैं अब इस प्रकरण मे हम क्रिया' के दूसरे अर्थ या 'भाव पर कुछ ऊहापोह करेंगे ?

क्रिया का अर्थ गति एजनता कम्पन, हरकत और परिवर्तन भी होता है। ये सब 'क्रिया के समानार्थक नाम है। क्रिया दो प्रकार की होती है।

१—द्रव्यगत

२—भावगत

द्रव्यगत —

द्रव्य मे या उस के प्रदेशो मे हिलन चलन रूप जो स्पन्दन या हरकत होती है उसे कहते है द्रव्यक्रिया।

भाव क्रिया —

द्रव्य के आश्रित गुणो मे जो परिवर्तन होता है उसे कहा जाता है भाव क्रिया।

द्रव्य और गुण को स्पष्ट करने के लिये यहां एक उद्धरण दिया जाता है।

क्रियावाद

गति	कम्पन	परिवर्तन

गुणपर्यायवन्द्रव्यम

तत्त्वार्थ सूत्र अ० ५ सू० ३८

गुणाणमासओ दव्वं एगदव्वस्सिया गुणा।
लक्खणं पज्जवाणं तु उभओ अस्सिया भवे॥

उत्तरा० सूत्र अध्य० २८ गा०६

द्रव्य गुण और पर्याय वाला होता है
द्रव्य गुण के आश्रित और गुण द्रव्य के आश्रित रहता है। पर्याय द्रव्य और गुण दोनो के आधार पर जीवित रहती है अर्थात उस की उत्पत्ति होती है इसी सिद्धांत के आधार पर क्रिया के दो भेद किए गये हैं। द्रव्य ६ है जैसे कि —

छव्विहे दव्वे पण्णत्ते तं जहा धम्मत्थिकाए
अधम्मत्थिकाए आगासत्थिकाए जीवत्थिकाए
पोग्गलत्थिकाए अद्धासमये अ

अनुयोग द्वार द्रव्यगुण०सू०१२४

अर्थात धम्मास्तिकाय
अधर्म्मास्तिकाय
आकाशास्तिकाय
जीवास्तिकाय
काल

उपयु क्त द्रव्यो म स केवल दो द्रव्यो मे द्रव्य क्रिया पाई जाती है। वे हैं

१—पुदगलास्तिकाय
२—जीवास्तिकाय

ये ही दो द्रव्य गति करते हैं। एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाते हैं। इन मे और इनके प्रदशा मे स्पष्ट क्रिया दष्टिगोचर होता है। अत ये सक्रिय द्रव्य है। शेष चार द्रव्य इस क्रिया स न य होते है। वे गति नही करते, स्थाना नर पर नही आते जाते। उन क प्रदेशा मे परिस्पन्द भी नही होता। इस लिए व निष्क्रिय द्रव्य है किन्तु भाव क्रिया तो उन म भी पाई जाती है इस अपेक्षा स वे भा सक्रिय ठहरते ह ज धम यह मानता है कि ससार मे ऐसा कोई द्रव्य नही जिस मे भाव क्रिया भी न हो। भाव क्रिया को न मानने से द्रव्य का अस्तित्व ही मिट जाता है। भाव क्रिया तो मुक्त जीव म भी रहती है केवल द्रव्य क्रिया की अपेक्षा मे व निष्क्रिय हैं। परन्तु जीव और पुदगल उभयक्रियावान है जबकि शेष द्रव्य-चतुष्टय भाव क्रिया वान है।

अब हम 'सूचा कटाह याय स प्रसग वश पुदगलास्तिकाय का उपक्रम करने ह।

देखिये पुदगल के दो रूप हमारे सामने हैं जसे कि

१ परमाणु
२ महा स्कन्ध

परमाणु

यह पुद्गल (Matter) का सब से छोटा भाग होता है। इसका दूसरा भाग नहीं हो सकता। जिस का दूसरा भाग हो जाता है वास्तव में वह परमाणु हो नहीं पाता। अपितु परमाणु समुदाय' होता है।

आज का युग एक परमाणु युग है। इस की बहुत चर्चा है। आज के वैज्ञानिकों ने परमाणु जगत का सब अन्वेषण किया है। इस से पूर्व भारतीय चिन्तकों और विचारकों ने बहुत कुछ परमाणु पर अपनी बुद्धि दौड़ाई और विविध परिभाषाएं इस परमाणु को समझाने के लिए घड़ी गई। जैनाचार्यों ने भी इस पर सूक्ष्म समीक्षण और और परीक्षण करने के बाद इस के स्वरूप को अवगत कराने का एक सफल प्रयास किया है।

वैदिक परम्परा में दार्शनिकों ने परमाणु की परिभाषा इस ढंग से बतलाई है। जरा नीचे दृष्टि डालिए —

जाला तर गते भानो सूक्ष्म यद दृश्यते रज।

तस्यषष्ठतमो भाग परमाणु स उच्यते ॥

अर्थात। जब किरणें सूर्य देवता की गवाक्ष से गृह के आंगन में प्रवेश करती हैं तब सहस्रों हजारों रजकण उडते हुए नजर आते हैं। उन में जो सूक्ष्म रजकण दृष्टिगत होता है यह छः परमाणुओं का बना हुआ रजकण है। कहीं षष्टितमो भाग' भी पाठ मिलता है ? जिस में एक रजकण साठ परमाणुओं का ठहरता है।

आज के वज्ञानिक परमाणु की व्याख्या कुछ दूसरी प्रकार से करते है। आधुनिक वैज्ञानिकों का परमाणु अच्छा खासा मोटा है अर्थात बड़ा है उसके खण्ड भी हो जाते हैं और वह भौतिक दृष्टि से नजर भी आ जाता है। तो भी उन का *ख्याल है कि एक तोले स्वर्ण के खर्व वें भाग में साढ़े तीन (3½) खर्व परमाणु होते हैं।

एक और वैज्ञानिक ने परमाणु के आकार (Size) के विषय में अपने विचार देते हुए लिखा है कि एक परमाणु एक सैंटीमीटर के दस करोड़वें भाग के समतुल्य होता है।

आज यह भी बतलाया जाता है कि

एलक्ट्रान प्राटान और न्यूट्रौन का सम्मिलित रूप ही परमाणु है? जो एक अपार शक्ति का धनी है?

जिस प्रकार दूसरे दार्शनिकों और वैज्ञानिकों ने परमाणु की विभिन्न परिभाषाएं बतलाई हैं और उस के स्वरूप को यथाशक्ति समझाने का प्रयत्न किया है उसी प्रकार जैन शास्त्रों में भी परमाणु के विषय में बहुत छानबीन की गई है?

परमाणु का यथावत स्वरूप दर्शाने का सफल प्रयास किया है जैनाचार्यों ने। भगवान महावीर की अमर आप्त वाणी के आधार पर?

देखो—विचार और विमर्श (हिंदी)

आज के वैज्ञानिक परमाणु का (Analysis) कर के उस में निहित शक्तियों का आविष्कार करते हैं। किन्तु जैन धर्म का परमाणु इतना स्थूल नहीं कि उस को दूर वीक्षण यन्त्र से देख कर उसके अन्तस्तल में झांका जा सके। जैन धर्म परमाणु को इतना छोटा मानता है कि कोई चक्षु उस को देख नहीं सकती और कोई यन्त्र उस की ओर संकेत नहीं कर सकता और न ही उस के गर्भ में प्रवेश कर सकता है? इतना सूक्ष्म परमाणु होता है? यदि एक परमाणु सरोवर की धार में से हो कर निकल जाए तो वह धारा उस को छू नहीं सकती? वह परमाणु उस से भाग नहीं सकता? वह एक दीपक की लौ में से भी साफ बनकर निकल जाता है? दीपक की शिखा उस का कुछ भी बिगाड़ नहीं सकती? परमाणु वायु में से गुजरता हुआ भी उस में अछूता रहता है? ऐसे परमाणु की सूक्ष्मता का प्रतिपादन किया गया है जैनागमों में? जैन सूत्रों में निम्न प्रकार से परमाणु की परिभाषा की गई है कि जैसे

अप्रदेस

जिस का कोई अवयव नहीं

अमज्झ

जिस का कोई मध्य भाग भी नहीं

अणड्ढ

जिस का अध भाग भी नही होता या यू कहिये कि जिस से पर और सूक्ष्म नहा हो सकता उसे कहते हैं परमाणु। किन्तु इतने से सूक्ष्म अप्रत्यक्ष अगोचर और अपरिलक्षित पुदगलकण म असोम शक्ति, वण गन्ध रस और स्पश का रूप मे अन्तर निहित होती है

परमाणु की द्रव्य क्रिया

परमाणु भी द्रव्य है और आप जानते हैं कि द्रव्य गुणो का भाजन होता है

*निश्चय नय से एक परमाणु पाच वण दो गन्ध, पाच रस और चार स्पर्शो का स्वामी होता है ? और व्यवहार नय से एक परमाणु म एक वण एक गन्ध एक रस और दो स्पश होत ह । शेष तिरोभाव म रहते ह ?

स्मरण रहे कि पुदगल' म स्पश आठ होते है

जसे कि —

१ कोमल	५ शति
२ ककश	६ उष्ण
३ लघु	७ रूक्ष
४ गुरु	८ स्निग्ध

इन अठ स्पर्शो म से परमाणुओ मे एक समय म चार स्पश होते हैं जसे कि

शीत— उष्ण रूक्ष — स्निग्ध

उपयुक्त स्पश चतुष्टय मे से एक परमाणु म एक समय एक साथ केवल दो स्पश पाये जाते हैं कारण कि शेष एक दूसरे क विरोधी है और नियम है कि परस्पर विरोधी गण एक स्थान पर एक समय एक सग कदापि नही रह सकत ।

---

*यह लखक का अपना मत है ?

उक्त चार स्पर्शों के चार विकल्प बन जाते हैं जैसे कि
१—शीत और रूक्ष
२—शीत और स्निग्ध
३—उष्ण और स्निग्ध
४—उष्ण और रूक्ष

इन चार विकल्पों में एक परमाणु में एक विकल्प एक समय और एक साथ पाया जा सकता।

कई तत्त्वप्रिय बन्धु पूछ सकते हैं कि आप यह परमाणु का विश्लेषण किस आधार पर कर रहे हैं! जब कि यह सब अतीन्द्रिय है इस का एक ही उत्तर है कि सर्वज्ञ की देशना के आधार पर। हमारी अपनी इन्द्रियां सूक्ष्म-जगत में नहीं पहुंच सकतीं

[परमाणु की गति]

जब परमाणु स्थिर होता है तब उसमें शीत और रूक्ष स्पर्श होता है। ये दोनों गुण स्थिति विधायक हैं! ज्यों २ शीतत्व और रूक्षत्व का ह्रास होता जाता है या यूं कहिये कि इन की मात्रा धीरे धीरे कम होती जाती है त्यों २ उष्णत्व और स्निग्धत्व की मात्रा धन की वृद्धि के शिखरों पर चढ़ती जाती है! अर्थात् बढ़ती जाती हैं।

जब शीत की का सर्वथा तिरोभाव हो जाता है और उष्णत्व की अभिव्यक्ति हो जाती है तब परमाणु गति करने लग जाता है। इस प्रकार परमाणु एक स्थान से दूसरे स्थान पर गति करता है और स्निग्धता उष्णता ही इसकी दो मुख्य प्रवर्तक शक्तियां हैं!

गति की मदता तीव्रता

उष्णता और स्निग्धता यदि मन्द होगी तो गति भी मन्द होगी । और य दोनो गुण तीव्र और उत्कृष्ट होगे तो गति भी तीव्र और उत्कृष्ट होगी । जब परमाणु एक आकाश प्रदेश से चल कर साथ वाले दूसरे आकाश प्रदेश पर ठहरता है । तो उस समय उस की 'सवता जघन्य गति' कही जाता है किन्तु जब ये दोनो गुण अनन्तता को छूते हैं तब परमाणु एक समय म उत्कृष्ट गति करता हुआ चौदह राजू प्रमाण लोक क अन्त तक पहुन्च जाता है । य परमाणु का जघन्य और उत्कृष्ट द्रव्य क्रिया है

परमाणु की भाव क्रिया—

परमाणु म वर्ण रस और गन्ध आदि जितन गुण हैं य सब प्रति समय परिवर्तन होते रहते हैं । जिस को पर्याय कहते है जैन धर्म मानता है कि जघन्य गुण वाला परमाणु काला तर म अनन्त गुण काला हो जाता है और अनन्त गुण काला बन कर वह धीरे धीरे फिर जघन्य गुण काला बन जाता है । ठीक इसी प्रकार दूसरे वर्ण रस गन्ध आदि गुण भी परिवर्तन के चक्र म परिभ्रमण करते रहते हैं यही परमाणु की भाव क्रिया है ।

निमित्त से उपादान मे परिवर्तन

दो प्रकार का कारण होता है ।

१—निमित्त कारण
२—उपादान कारण

जो कारण स्वय ही कार्य रूप म परिणत हो जाये उसे

[काल के सब स छोटे भाग को समय कहते है]

उपादान कारण कहते है। और जो उपादान कारण को कार्य रूप दे कर अलग हो जाय उसे निमित्त कारण कहते है।

जैसे कि उदाहरण लीजिए।

घट मे मृतिका उपादान कारण है। क्योंकि मत्तिका ही घटाकार मे परिणत हो रहती है। दण्ड और चक्र आदि इस मिट्टी को घट रूप दे कर पृथक हो जाते हैं। ये सब के सब निमित्त कारण हैं। याद रहे उपादान कारण स्वय ही कार्य रूप मे नहीं आ जाता जब तक कि उसे निमित्त कारण न मिल जाय। और निमित्त भी तबतक अकिंचित्कर है जब तक उपादान कारण का सयोग न मिल जाये। निमित्त और इन दोनों के मिलाप मे एक ऐसी अचित्य शक्ति पैदा हो जाती है जो उपादान को कार्य के रूप मे परिणत कर देती है, बाह्य कारण कलाप को पा कर स्कध की दो प्रकार से परिणति होती हैं।

१—प्रयोग से (Instrumental)
२—विश्रसा से (Automatic)

जो स्कध ठोस नहीं वह अनुकूल सामग्री पा कर विश्रसा (Automaticaly) बदल जाता है किन्तु इस परिवर्तन (change) का क्रम मन्द रहता है तथा प्रयोग से स्कध मे शीघ्र ही तबदीली (changengs) लाई जा सकती है।

(घनीभूत (Concrete) पदार्थ मे परिवर्तन)

अब बात आती है ठोस पदार्थ की परिणति की वह भी पर्यायान्तर मे जा सकता है। यदि उसे विशुद्ध और उपयुक्त निमित्त कारण की उपलब्धि हो जाये। जैसेकि(१)रासायनिक प्रयोग से या

पारस मणि के सस्पर्श से लोहा भी सुवर्ण बन जाता है जिस मे पहले सुवर्णत्व नही था और अब उसमे लोहत्व नही रहा इतना परिवर्तन हो गया है उस स्कन्ध के अणुओं मे।

एक और उदाहरण।

पत्थर के कोयले मे काला वर्ण ही दिखाई देता है। दूसरा कोई वर्ण उस मे दृष्टिगोचर नही होता किन्तु कितने आश्चर्य की बात है, वही काला कलूटा कोयला वनानिक विधि से हीरा बन जाता है। उसका कालापन सब जाता रहता है। उसी से फिर समुज्ज्वल चमकदार किरणें फूट फूट कर निकलने लगती हैं।

(३) पुद्गल की विभिन्न परिणतियें

एकेन्द्रिय से लेकर पचेन्द्रिय तक जितने भी प्राणी भूत जीव और सत्व है वे सब पुद्गल को ग्रहण करते है और वह ग्रहण किया हुआ पुद्गल ही इन्द्रिय मन भाषा, श्वासोश्वास रक्त मास, हड्डी चाम मल मूत्र औदारिक वक्रिय, आहारिक तैजस और कार्मण आदि पाचो शरीरो के रूप मे परिणत हो जाते हैं।

उदाहरण–

[१] जितनी भी ससार मे धातुए हैं व सब पृथ्वीकाय के औदारिक शरीर हैं। जिस मे जान होता है वह धन धान्य वृद्धि पाता जाता है। जैसे कि खान का पाषाण। और भी देखिये। एक शिला है उस मे एक हीरे की नन्ही सी कणी

पड़ी है । हजारों सालों के पश्चात वहां कणों स्थूल आकार में बदल जाती है कैसे भला ? जैन धर्म इस का समाधान उपस्थित करता है । कि जिन पृथ्वीकाय के जीवों ने उद्योत नाम कर्म बांधा हुआ है व जीव जब दिन दिन बढ़ते जाते हैं तब वह हीरे की कणी भी बड़ा होती जाता है।इसी प्रकार अन्य सभी रत्नों के सम्बन्ध में समझ लेना चाहिये ।

(२) एक वृक्ष है । उस का बीज धरती में पड़ा हुआ जो पुद्गल खींचता है । वह धीरे २ बढ़ता हुआ अपने योग्य पुद्गल को लकड़ी पत्र फल फूल आदि के रूप में परिणत करता रहता है ।

(३) अब एक मुक्ति का लीजिये । सीप में रहने वाला द्वीन्द्रिय जीव जल की बूंद को मोती में बदल देता है ।

(४) अग्नि की भट्टी में पड़ा हुआ पत्थर समय पा कर सफेद रंग का चूना बन जाता है ।

(५) घास फूस की गर्मी देकर कच्चे फल को पका कर उस के खट्टे रस को मधुर बना लिया जाता है ।

(६) प्रसूता गौ, भैंस आदि पशु सूखा घास एवं तूड़ी आदि खा कर और जल पी कर फिर उस खाये और पीये का कुछ भाग दूध में परिणत हो जाता है ।

(७) मनुष्य अनन्त गुण सुगन्धित पदार्थों का आहार कर भी उसे अनन्त गुण दुर्गन्धित बना कर उन का विसर्जन करता है ।

(८) ईख का रस अपने में पर्याप्त माधुर्य रखता है किन्तु कालान्तर में वह मधुर रस खट्टा हो जाता है ।

(९) पुराने गुड़ से मदिरा बनाते हैं सुरा के रूप में आने के बाद फिर उस में मधुरता बिल्कुल नहीं रहती ।

(१०) एक मच्छी ऐसी बताई जाती है जो श्वास छोड कर खारे पानी का भी मीठा बना देती है, मीठा बना कर फिर उसे पी जाती है।

(११) दही की खटास लगाने से दूध भी दही के रूप में परिणत हो जाता है।

इस प्रकार पुद गलकी नाना रचनाएं दृष्टिपथ पर आती हैं। कुछ प्रयोग से और कुछ विश्रसा से किन्तु इतना स्मरण रहे कि प्रयोग से उत्पन्न परिणति व्यवस्थित होता है और विश्रसा जन्य परिवर्तन कुछ इतना सुव्यवस्थित नहीं होता और फिर उसमें काल की अधिकता भी अपेक्षित है।

स्कन्ध की निष्पत्ति —

स्कन्ध कैसे बनता है — इस की जानकारी के लिये कुछ ज्ञातव्य बातें स्मरण रखनी चाहिये—

स्निग्ध और रूक्ष अवयवों का श्लेष दो प्रकार से होता है।

१—सदृश
२—विसदृश

सदृश —स्निग्ध का स्निग्ध के साथ और रक्ष का रूक्ष के साथ संयोग होना सदृश श्लेष कहा जाता है —

विसदृश —स्निग्ध का रक्ष के साथ संयोग होना विसदृश श्लेष कहा जाता है।

किन्तु दोनों प्रकार के श्लेषों में निम्न नियम स्मरणीय है।

परमाणु—पुद्गल का अविभाज्य अच्छेद्य अभेद्य अदाह्य अक्लेद्य और अग्राह्य अमध्य और अनध विभाग अपनी पृथक् अवस्था मे परमाणु कहा जाता है।

परमाणु मे निम्न गुण पाये जाते हैं।

१—एक वर्ण
२ एक गन्ध
३—एक रस
४—दो स्पर्श

(१) नित्य-

द्रव्यत्व की अपेक्षा से परमाणु नित्यत्व गुण वाला है।

(२) अनित्य-

पर्याय की अपेक्षा से अनित्य है।

सभी आचार्यों का यही मत है इस से सिद्ध होता है कि कोई भी परमाणु कालान्तर मे किसी भी परमाणु के सदृश या विसदृश बन सकता है।

पर्याय परिवर्तन का स्वरूप

यह परमाणु के रूप मे जो पर्याय बदलता है वह इस प्रकार है।

जघन्य गुण — गुण हा
और अनन्त गुण — जान
इस का भाव — परमा
कालान्तर मे

समय पा कर अनन्त गुण काले से जघन्य गुण काला बन जाता है। ऐसी पर्याय परिणति सदैव ही परमाणु पुद्गल मे होती रहती है। यह परमाणु की पर्याय परिवर्तन का प्रथम स्वरूप है।

परमाणु की दूसरी तरह की पर्याय यह है। जैसे कि काले से लाल या सफेद हो जाना।

सुगन्ध वाले से दुर्गन्ध वाला हो जाना। मधुर रस से अम्लत्व आदि पांचों मे से कोई रस वाला बन जाना। एक रूप मे स्निग्ध स्निग्ध से रूक्ष हो जाना यह परमाणु गत पर्याय का दूसरा स्वरूप है किन्तु ऐसी पर्याय परिणति प्राय स्कन्धगत परमाणु मे होती है? स्कन्ध मे परिवर्तन तभी हो सकता है जब कि वर्तमान मे रहे हुए वर्ण गन्ध और रस आदि जघन्य गुण तक न पहुच जाय। जरा और स्पष्ट रूप से समझिये।

हमारे पास एक वस्तु है। जिस का रंग काला है जब तक उस का वर्ण घटते २ जघन्य गुण काला न बन जाये तब तक वह दूसरे रंग मे तबदील नहीं हो सकता।

वर्ण रस और गन्ध व स्पर्श ये चारों बदलते हैं। इस विषय मे प० सुख लाल जी की मान्यता देखिये?

उन्होंने उपर्युक्त तीन सूत्रों की व्याख्या लिखते हुए कहा है कि —

पण्डित सुख लाल जी की मान्यता –

समाज्ञ स्थान म सन्दा बध तो होना नही विसदृश होता है। जसे—दो अश स्निग्ध या दो अंश रुक्ष के साथ। या तीन अश स्निग्धका तीन अ श स्निग्ध के साथ एम स्थल म कोई एक सम दूसरे सम का अपने रूप म परिणत कर लेना है।

अर्थात द्रव्य क्षेत्र काल और भाव के अनुसार कभी स्निग्धत्व हा रूक्षत्व का स्निग्धत्व के रूप म बदल लेता है और कभी रूक्षत्व स्निग्धत्व का रुक्षत्व रूप मे बदल लेता हैं परन्तु अधिकाश स्थल म अधिकांश ही हीनांश को अपने स्वरूप मे बदल सकता है। जैसे कि — पचाश स्निग्धत्व तीन अंश स्निग्धत्व का अपने स्वरूप मे परिणत करता है अर्थात तीन अश स्निग्धत्व भी पाच अश स्निग्धत्व के सम्बन्ध म पाच अश परिमाण हो जाता है। इसी तरह पाचाश स्निग्धत्व तीन अश रुक्षत्व को भी स्व स्वरूप म मिला लेता है, अर्थात् रूक्षत्व अधिक हो ता वह भी अपने स कम स्निग्धत्व रूप से बदल जाता है? जब रूक्षत्व अधिक हो तो वह भी अपने स कम स्निग्धत्व का अपने स्वरूप अर्थात् रुक्षत्व स्वरूप बना लेता है'

यह है प० सुख लाल जी की उक्त विषय म निजी मान्यता। जब रुक्षत्व स्निग्धत्व के रूप म बदल सकता है और स्निग्धत्व रुक्षत्व के रूप मैं बदल सकता है तो उसी प्रकार अन्य वर्ण गध आदि मे भी परिवर्तन हो सकता है?

यह बात पं० श्री सुख लाल जी की उक्त पक्तियों से भली भान्ति सिद्ध हो जाती है ?

इस स्थल पर इतनी बात ध्यान देने योग्य और है जसे कि वर्ण आदि बदलने पर यह आवश्यक नहीं कि रस और स्पर्श भी साथ हो बदल जाय। क्योंकि कोई गुण जघन्य गुणा तक पहुञ्चा होता है तो कोई नहीं। आप के समक्ष एक उदाहरण है।

उदाहरण

कल्पना कीजिए एक जघन्य गुण वाला काला परमाणु है। जो कि रूक्षता में दस गुणा *। वह अनन्त गुण पीले और स्निग्ध परमाणु में जा मिला। मिलन के बाद यदि वह अभीष्ट काल तक स्कन्द रूप में रहे तो जघन्य गुण काल परमाणु का पीला बनना में इतना देर नहीं लगेगी जितनी कि स्निग्ध, बनने में क्योंकि दस गुणा रूक्षता घटते २ जब जघन्य गुण रूक्षता में पहुञ्च जायेगी तब किसी भी समय वही परमाणु जघन्य गुण रूक्षता से निवत होकर जघन्य गुण स्निग्धत्व को प्राप्त हो जाता है? अभीष्ट काल तक वह यदि मिलाही रहे तो वह परमाणु सख्यात गुण असख्यात गुण अनन्त गुण पीला और स्निग्ध हो सकता है।*यदि वहपीलापरमाणु स्कन्ध से अलग होकर जितना देर रहेगा तो वह उतनी देर तक उसी वर्ण आदि में ही ह्रास और विकास करता रहता है जो स्कन्ध से अलग होने समय थे।

